## खबर संक्षेप

### पेंशन हितग्राहियों को मिली 2.70 लाख से अधिक की पेंशन राशि




**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के प्रदेश के 33 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में 203.56 करोड़ रूपये की पेंशन राशि अंतरित की। उन्होंने सीहोर जिले के 45,089 पेंशन हितग्राहियों के खाते में 02 करोड़ 70 लाख 53 हजार रूपये की राशि अंतरित की। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से सामाजिक न्याय विभाग के सहायक संचालक महेश यादव सहित पेंशन हितग्राही विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशि अंतरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा समाज के गरीब, निराश्रित, वृद्धजनों, कल्याणियों, परित्यक्ताओं, अविवाहिताओं एवं दिव्यांगजनों के लिए पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रति हितग्राही को प्रतिमाह 600 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का होगा शुभारंभ

**सीहोर।** जिले में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के जिले के 1,82,084 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस में सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि आगामी दो दिनों तक विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गए हैं कि अभियान संबंधी सभी तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं और पोलियो की खुराक से एक भी बच्चा न छूटे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल, सभी सिविल अस्पतालों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ियों पर बूथ स्थापित कर बच्चों को पोलियों खुराक पिलाई जाएगी। इसके अलावा ट्रांजिट टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

## डीजल, खाद, बीज और मजदूरी के दामों में भारी उछाल से किसान परेशान, जिले में मानसून मेहरबान, किसानों को दी बोवनी की सलाह

# लाभ का धंधा नहीं, अब घाटे का सौदा बनी खेती बोवनी से पहले प्रति एकड़ 12 हजार बढ़ा खर्च

सहकारी समितियों में खाद की भारी किल्लत देखी जा रही है। सरकार की नई ऑनलाइन पद्धति ई.टोकन और ओटीपी के झमेले ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक नेता और अधिकारी मंचों से चाहे जितने भी लंबे-चौड़े दावे कर लें कि खेती अब लाभ का धंधा बन चुकी है, लेकिन इसकी असली जमीनी हकीकत देखनी हो तो खेतों में पसीना बहाते किसानों के हाल देख लीजिए। हकीकत यह है कि बढ़ती महंगाई के कारण आज खेती लाभ का नहीं, बल्कि सीधे-सीधे घाटे का सौदा साबित हो रही है।

खरीफ सीजन की बुआई सिर पर है और किसानों के सामने लागत का ऐसा पहाड़ खड़ा हो गया है, जिसे पार करना उनके बस के बाहर दिख रहा है। डीजल, खाद, बीज की बढ़ती कीमतों और आसमान छूती मजदूरी ने अन्नदाता की कमर तोड़ कर रख दी है। इस बार किसानों को प्रति एकड़ करीब 12 हजार रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है, जिससे न सिर्फ किसानों का बजट बिगड़ा है बल्कि फसलों की बुआई में भी देरी होने की आशंका बनी हुई है।

### जोताई से लेकर कटाई तक, सब कुछ हुआ महंगा

किसान राजेंद्र परमार, महेश मालवीय और मांगीलाल वर्मा ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि खेतों की जोताई से लेकर बुआई, निराई, खाद, कीटनाशक और अंत में कटाई-बिनाई तक खेती का हर एक चरण अब बेहद महंगा हो चुका है। महंगाई का आलम यह है कि जो खेती पिछले साल 2025 तक 23 से 25 हजार रुपये प्रति एकड़ में निपट जाती थी, वो इस साल 2026 में 36 हजार रुपये प्रति एकड़ के पार पहुंच चुकी है।

### खाद की किल्लत और डीजल ने बिगाड़ा खेल

इस बार सहकारी समितियों में खाद की भारी किल्लत देखी जा रही है। ऊपर से सरकार की नई ऑनलाइन पद्धति ई.टोकन और ओटीपी के झमेले ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं। किसान खेतों में बोवनी की तैयारी करने की जगह सोसायटियों में खाद के लिए लंबी कतारों में लगा नजर आ रहा है। नतीजा यह है कि समय पर समितियों से खाद न मिलने के कारण किसानों को मजबूरन निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर डीजल के दामों में हुई बढ़ोतरी ने ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों का किराया बढ़ा दिया है, जिससे खेतों की जोताई बेहद महंगी हो गई है।

### 23 हजार से 36 हजार तक पहुंची लागत

तुलनात्मक आंकड़ा देखें तो समझ आता है कि किसान कर्ज के दलदल में क्यों धंस रहा है, साल 2025 में खेत की जोताई की लागत करीब 4500 रुपए आती थी, जबकि 2026 में में 5000 रुपए तक पहुंच गई है। इसी तरह बीज का खर्च 1500 से 3500 पहुंच गया है। खाद और उर्वरक 5000 से 10000, दवाईयां 2500 से 3300, कीटनाशक 6000 से 6500, कटाई और बिनाई 5500 से 7500 तक पहुंच गई है। कुल अनुमानित लागत प्रति एकड़ 23 हजार रुपए से बढक़र 36000 रुपए तक जा पहुंची है। ऐसे में यह आंकड़े बता रहे हैं कि खेती का लाभका धंधा है या घाटे का सौदा।

### जिले में अब तक कहां कितना बरसा पानी

जिले में अब तक की कुल बारिश के आंकड़ों में भैरुंदा क्षेत्र सबसे आगे चल रहा है। जिले 1 जून से अब तक दर्ज की गई बारिश के अनुसार भैरुंदा में 6.81 इंच बरसात हुई, जबकि इछावर में 5.83 इंच, बुधनी 5.10 इंच, सीहोर शहर 4.75 इंच, आष्टा 3.31 इंच, जावर 3.11 इंच, रेहटी 3.02 इंच और श्यामपुर में 2.33 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल शुरुआती दौर है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जिससे आने वाले दिनों में बारिश की रफ्तार में भारी तेजी आएगी और जिला पिछले साल के रिकॉर्ड को जल्द ही पार कर लेगा।

### बोवनी के लिए उपयुक्त समय

एक तरफ जहां महंगाई ने किसानों को परेशान किया है, वहीं दूसरी तरफ इंद्रदेव की मेहरबानी से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिक एमएस तोमर के अनुसार जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है और आगामी दिनों में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की है कि खेतों में पर्याप्त नमी आते ही बोवनी शुरू कर दें, क्योंकि यह समय बोवनी के लिए सबसे उत्तम है।

# श्री नृसिंह मंदिर परिसर में एक दर्जन से अधिक पौधे रोपकर लिया संरक्षण का संकल्प



**सीहोर।** इस साल भी शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण के साथ ही संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी नमिता अखिलेश राय ने कहाकि मंदिर परिसर में 100 से अधिक पौधों का रोपण आगामी एक माह के अंदर किया जाएगा।

इस मौके पर मंदिर के संत माधवदास महाराज ने कहाकि मंदिर परिवार हर साल एक अभियान करता आ रहा है। पौधे लगाएं, वृक्ष लगाएं का सकारात्मक असर दिखाई देने लगा है। क्षेत्रवासी इस अभियान से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहाकि केवल पौधे रोपे बल्कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए पौधों की सुरक्षा व पालीथिन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। हमारी जवाबदारी सिर्फ पौधे लगाने तक नहीं होना चाहिए। उन्हें पेड़ बनाना भी आवश्यक है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट ने कहाकि प्लास्टिक व पॉलीथिन के बहिष्कार के कार्यक्रम को लेकर बताया कि जब हम स्वस्थ वातावरण की बात करते हैं तो हमें प्लास्टिक से बनी हर वस्तु का पूर्ण बहिष्कार करना होगा। हम यात्रा के दौरान लोगों को ऐसी वस्तुओं के उपयोग को लेकर जागरूक कर रहे हैं, जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। इसके साथ ही इनके पूर्ण बहिष्कार का संकल्प भी लोगों को दिला रहे हैं।

### माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता



**सीहोर।** महेश नवमी महोत्सव 2026 अवसर पर माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगियों में आज महिला सिंगल एवं मेंस डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता चर्च ग्राउंड के पास बने खेल मैदान में आयोजित की गई। महिला सिंगल बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रिया मूंदड़ा, प्रेरणा राठी, अंजली चांडक, सुरभि राठी, रितिका राठी एवं नमामि मूंदड़ा ने भाग लिया। जिसमें प्रेरणा राठी द्वारा अपनी ही देवरानी रितिका राठी को एक कड़े मुकाबले में 15/13 के स्कोर से हराया। मेंस डबल्स में गोविंदा साबू, अनन्य मंत्री, वसुंधरा बियानी, शुभम चांडक, सोमिल हु र कट, उदित तोषनीवाल, पार्थ साबू, रक्षित कांसट, पर्व साबू ,नमन हूरकट, सारांश साबू एवं योगेश राठी ने भाग लिया। जिसमें मेंस डबल्स में बसुंध बियानी एवं शुभम चांडक की जोड़ी ने पार्थ साबू एवं पर्व साबू की जोड़ी को एक कड़े मुकाबले में 21/19 के स्कोर से पराजित किया कार्यक्रम के संयोजक पुरुषोत्तम कुइया एवं संयोग राठी के नेतृत्व में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई सभी विजेताओं एवं उपविजेताओं को बधाई दी गई।

# पिछले साल के मुकाबले मानसून में पिछड़ा जिला, अब तक 4.28 इंच औसत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में वैसे तो मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और बादलों की आवाजाही जारी है, लेकिन अगर आंकड़ों की बात करें तो इस बार जिला पिछले साल के मुकाबले मानसून की दौड़ में पिछड़ता नजर आ रहा है। वर्ष 2025 की तुलना में इस साल मानसून की शुरुआती रफ्तार काफी धीमी और सुस्त रही है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा 25 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल आज की तारीख तक जिला 4.64 इंच औसत बारिश का आंकड़ा छू चुका था, जबकि इस वर्ष जिला अब तक केवल 4.28 इंच पर ही पहुंच पाया है।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.91 इंच बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा मेहरबानी भैरुंदा और बुधनी क्षेत्रों पर रही। भैरुंदा में 2.13 इंच, बुधनी में 2.05 इंच और रेहटी में 1.51 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा श्यामपुर में 0.79 इंच, सीहोर शहर में 0.39 इंच, इछावर में 0.24 इंच और आष्टा में 0.16 इंच मामूली बारिश हुई। वहीं जावर केंद्र पर इस दौरान बादलों ने पूरी तरह निराशा किया और वहां कोई बारिश दर्ज नहीं की गई। अब तक की कुल बारिश में भैरुंदा क्षेत्र सबसे आगे है, जहां 6.81 इंच पानी गिर चुका है। इसके बाद इछावर में 5.83 इंच और बुधनी में 5.10 इंच वर्षा हुई है। जबकि सीहोर शहर में 4.75 इंच, आष्टा में 3.31 इंच, जावर में 3.11 इंच, रेहटी में 3.02 इंच और श्यामपुर में 2.33 इंच बारिश दर्ज की गई है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

पिछले साल से मानसून के पिछड़ने के कारण जिले के अन्नदाताओं की चिंता थोड़ी बढने लगी है, क्योंकि खरीफ की बोनी के लिए खेतों को अच्छी और लगातार बारिश की दरकार होती है। जून का महीना समाप्त होने की ओर है, ऐसे में पिछले साल के मुकाबले कम पानी गिरना खेती के शुरुआती चक्र को प्रभावित कर सकता है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल शुरुआती दौर है।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जिससे आने वाले दिनों में बारिश की रफ्तार में भारी तेजी आएगी और जिला पिछले साल के इस रिकॉर्ड को जल्द ही पार कर लेगा।

## सभी पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभः रवि मालवीय

# पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम अध्यक्ष ने की स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना और मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अधिक से अधिक शिविर आयोजित करने, ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, योजनाओं के लक्ष्य बढ़ाने, छोटे एवं व्यवहारिक प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंध में सुझाव दिए।

अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि गांव और वार्ड स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा पात्र युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में उद्योग क्षेत्र के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तथा सेवा एवं व्यवसाय इकाइयों के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। बैंक द्वारा वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जाता है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र आवेदक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री उद्यम योजना के लिए 40 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए, जिनमें से 10 प्रकरण स्वीकृत तथा 9 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के अंतर्गत छोटे स्वरोजगार कार्यों के लिए 10 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में बैंक ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक उपलब्ध कराया जाता है।

योजना का लाभ 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे व्यक्तियों को दिया जाता है जो आयकरदाता नहीं हैं। वर्ष 2026-27 में स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 225 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 5 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 2 प्रकरण स्वीकृत एवं 2 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, इछावर जनपद अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल, आष्टा जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, पिछड़ा वर्ग विभाग की सहायक संचालक दिव्या राय सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिभाओं का महाकुंभ, मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान




**सीहोर।** कौशल श्री विकास समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा का उत्सव, भविष्य की तैयारी₹ थीम पर आधारित प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सीहोर के एक निजी गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 350 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी राजेश काशिव तथा जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हेमेंद्र तोमर उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षा, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। समारोह में विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के डॉ. अनिल तिवारी, एलएनसीटी ग्रुप के लेफ्टिनेंट अनुभव चौकसे तथा प्रेस्टीज ग्रुप से परवेज कुरैशी ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों एवं रोजगार की संभावनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक तकनीकों पर भी चर्चा की गई।

विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक, उसके उपयोग और भविष्य में बढ़ती संभावनाओं की जानकारी दी गई तथा ड्रोन का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ देखा। कौशल श्री विकास समिति के अध्यक्ष सतीश बिल्लौरे ने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का सम्मान करना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की तैयारी, करियर मार्गदर्शन और नई तकनीकों से परिचित कराना भी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित करते हैं।

समिति की ओर से राजेश गांधीवार, राकेश बावरिया, अक्षय बिल्लौरे सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थी, उनके अभिभावक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बैठक में 52 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा की साधारण सम्मेलन बैठक बुधवार को दोपहर एक बजे नगर परिषद कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने की। बैठक में एजेंडा बिंदु क्रमांक 1 से 52 तक रखे गए सभी प्रस्तावों पर चर्चा हुई। नगर के विकास कार्यों और जनकल्याण से जुड़े सभी प्रस्ताव बिना विरोध के सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रसाद भावरे, सभी वार्ड पार्षद, नगर परिषद कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान महिला पार्षद भी उपस्थित रहीं। परिषद के पारित प्रस्तावों से नगर में विकास कार्यों को गति मिलने और जनहित के कामों के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद जताई गई।

### विस प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने आगामी 20 जुलाई 2026 से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के दृष्टिगत जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभागों को प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित प्रारूप में समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनका परीक्षण कर समय पर शासन को भेजा जा सके। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि विस प्रश्नों के उत्तर भेजने में किसी प्रकार की कठिनाई अथवा अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता हो तो संबंधित अधिकारी तत्काल अपर कलेक्टर अथवा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएं।

### अब तक कुल 173 मिलीमीटर यानी लगभग 7 इंच वर्षा हो चुकी, जो किसानों के लिए काफी राहत भरी

# उमस-गर्मी गायब : झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले, आमजन को भी मिली राहत

बुधवार शाम करीब 4 बजे के बाद मौसम अचानक बदला। तेज हवाओं के साथ काले बादल छाने लगे और कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। यह दौर देर रात तक चलता रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



क्षेत्र के किसानों और आमजन का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार आखिरकार बुधवार रात को समाप्त हो गया। पिछले कई दिनों से तेज धूप, उमस और गर्मी से लोग बेहाल थे। खेतों में खड़ा किस आसमान पर टकटकी निगाह लगाए बैठा था। बुधवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और देखते ही देखते आसमान में घने काले बादलों का डेरा जम गया। बिजली की चमक और तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश देर रात तक रुक-रुककर जारी रही। गुरुवार को भी दिनभर मौसम सुहावना बना रहा तथा शाम के समय फिर बादलों की आवाजाही और हल्की से मध्यम बारिश का दौर देखने को मिला। बारिश ने जहां किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है, वहीं उमस भरी गर्मी से परेशान आमजन को भी राहत मिली है। पिछले दो दिनों से तेज धूप का सिलसिला थमने और लगातार बादल छाए रहने के कारण वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है। करीब 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच चुका तापमान गिरकर गुरुवार को शाम 4 बजे लगभग 28 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### देर रात तक होती रही रिमझिम बरसात सर्द हुई रात, छोटे-छोटे नाले उफने

बुधवार शाम करीब 4 बजे के बाद मौसम अचानक बदला। तेज हवाओं के साथ काले बादल छाने लगे और कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। बारिश का यह दौर रुक-रुककर देर रात तक चलता रहा। रिमझिम बरसात के कारण बुधवार पर गुरुवार की दरमियानी रात भी सर्द रही। मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई। कई स्थानों पर सड़कों पर पानी बहता नजर आया। जबकि छोटे-छोटे नाले और बरसाती धाराएं भी उफान पर आ गईं। कुछ गांवों में पुलिया के ऊपर से पानी बहने की स्थिति भी बनी। भू-अभिलेख विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में केवल भैरूंदा क्षेत्र में 54 मिलीमीटर यानी लगभग 2 इंच वर्षा दर्ज की गई। जून माह में अब तक कुल 173 मिलीमीटर यानी लगभग 7 इंच वर्षा हो चुकी है। जो किसानों के लिए काफी राहत भरी मानी जा रही है।

### किसानों को मिली संजीवनी, बिगड़ सकते थे हालात, खेतों में नमी की थी कमी

क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है और खरीफ सीजन की अधिकांश फसलें समय पर बारिश पर निर्भर रहती हैं। इस बार शुरुआती दौर में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान चिंता में थे। क्षेत्र में 73 फ़ीसदी बोनी होने के कारण किसानों को अंकुरण और फसल की शुरुआती बढ़वार को लेकर आशंकाएं बनी हुई थीं। बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी महसूस की जा रही थी। बुधवार और गुरुवार को हुई बारिश ने किसानों को नई उम्मीद दी है। खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से फसलों की बढ़वार को गति मिलेगी। जिन किसानों ने अभी तक बोनी नहीं की थी वह भी अब तेजी से खेतों में उतर रहे हैं। बारिश के बाद गांवों में किसानों के चेहरों पर रौनक दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह मौसम बना रहा तो खरीफ फसलों के लिए यह काफी लाभदायक साबित होगा।

### बरसात होने से दो दिनों में होगी 100% बुवाई

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस खरीफ सीजन में कुल 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फसल बोने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 54 हजार 953 हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई का कार्य पूर्ण हो चुका है।जो कुल लक्ष्य का लगभग 73.27 प्रतिशत है। बुधवार और गुरुवार को बरसात का दौर लगातार जारी रहने के चलते आने वाले 2 दिनों में 100% बुवाई होने की संभावना है। कृषि विभाग के मुताबिक इस वर्ष धान के लिए 12 हजार 700 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 9 हजार 850 हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है। गत वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 8 हजार 450 हेक्टेयर था। मक्का की फसल का लक्ष्य 32 हजार 500 हेक्टेयर रखा गया है। वर्तमान में 30 हजार हेक्टेयर में मक्का की बुवाई पूरी हो चुकी है, जो गत वर्ष के समान है। ज्वार के 25 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 10 हेक्टेयर में बुवाई हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी समय 71 हेक्टेयर में ज्वार बोई गई थी। अरहर के 700 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 253 हेक्टेयर में बुवाई हुई है, जबकि गत वर्ष यह आंकड़ा 509 हेक्टेयर था। उड़द की 500 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 273 हेक्टेयर में बुवाई दर्ज की गई है। मूंग का लक्ष्य 100 हेक्टेयर रखा गया है, लेकिन वर्तमान में इसकी बुवाई अभी शुरू नहीं हो सकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 27 हेक्टेयर में मूंग बोई गई थी।

### सोयाबीन बीज महंगा होने से अन्य फसलों की ओर बढ़ रहा रुझान

भैरूंदा क्षेत्र में सोयाबीन प्रमुख खरीफ फसल रही है। कृषि विभाग ने इस वर्ष सोयाबीन के लिए 28 हजार 220 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में 14 हजार 500 हेक्टेयर में सोयाबीन की बुवाई पूरी हो चुकी है। हालांकि यह आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में कम है।

पिछले वर्ष इसी अवधि तक 30 हजार 224 हेक्टेयर में सोयाबीन की बुवाई दर्ज की गई थी। सोयाबीन का बीज महंगा होने के कारण किसान ने अन्य फसलों की ओर भी अपना रुझान किया है। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्ष बीते वर्ष के मुकाबले सोयाबीन की बुवाई कम होगी। इसके अलावा मूंगफली का लक्ष्य 2 हेक्टेयर रखा गया था। जिसमें शत-प्रतिशत बुवाई पूरी हो चुकी है। तिल के 253 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले अब तक 65 हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई दर्ज की गई है।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



गुरुवार को भी क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी वर्षा जारी रहने का संकेत दिया है। लगातार बादल छाए रहने और वातावरण में नमी बढ़ने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिल रही है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून अब सक्रिय हो चुका है और आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। बरसात का यह असर केवल खेती तक सीमित नहीं हैं। पिछले कई दिनों से लोग तेज धूप और उमस से परेशान थे। दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम में आए बदलाव ने लोगों को राहत पहुंचाई है। ठंडी हवाओं और बादलों की वजह से वातावरण सुहावना हो गया है। शाम के समय लोग घरों से बाहर निकलकर मौसम का आनंद लेते नजर आए। फिलहाल क्षेत्रवासियों की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं और सभी को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। यदि मौसम का यही रुख बना रहा तो किसानों की खरीफ फसल को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में अच्छी पैदावार की संभावना भी बढ़ जाएगी। वहीं आमजन को भी भीषण गर्मी और उमस से पूरी तरह राहत मिल सकेगी।

## छात्रों की गूंज अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों और युवाओं की आशाओं, आकांक्षाओं की आवाज है:राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन रखा गया। श्री गुजराती द्वारा पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं के ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रारंभ किए अभियान छात्रों की गूंज के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में व्यापक जनजागरण एवं संवाद कार्यक्रम आयजित किया गया। देशभर में लाखों छात्र-युवा आज पेपर लीक, बार-बार परीक्षाओं के रद्द होने, भर्तियों में अनावश्यक देरी, शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं से निराश और हताश हैं। ऐसे समय में युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाए तथा उनके भविष्य से जुड़े प्रश्नों को जन-जन तक पहुँचायें ।

छात्रों एवं युवाओं से जुड़े कांग्रेस पार्टी के प्रमुख मुद्दे हैं, जिनमें मुख्य रूप से- पेपर लीक, परीक्षा रद्दीकरण, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, बेरोजगारी तथा की कमियों को प्रमुखता से उठाया जायेगा।कोटा में आयोजित छात्रों की गूंज रैली के दौरान प्रस्तुत सामग्री एवं माननीय राहुल गांधी जी के संदेश को स्थानीय भापा में प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जायेगा।

छात्रों एवं युवाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दों-पेपर लीक, परीक्षा रद्दीकरण, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था की कमियों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा एवं समाज के प्रमुख लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों और युवाओं की आशाओं, आकांक्षाओं की आवाज है। हमें इसे जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए हर जिले में प्रभावी ढंग से संचालित करना है। मुझे विश्वास है कि आप सभी पूरी प्रतिबद्धता एवं गंभीरता के साथ इस अभियान को सफल बनाने में अ भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर इलेक्ट्रनिक व प्रिंट मीडिया साथियों के साथ ही प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में विवेक राठौर, घनश्याम यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, सोनू विश्वकर्मा, विनय चौहान, तनिष्क त्यागी, शुभम त्यागी, जितेन्द्र परमार, अरबाज खान आदि उपस्थित रहे।

## जसबीर सिंह खनूजा बने प्रदेश उपाध्यक्ष व एजाज उर रहमान बने सीहोर जिला अध्यक्ष



**सीहोर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पांधे द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद प्रदेश एवं जिला स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नियुक्तियों के तहत जसबीर सिंह खनूजा को परिवहन प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि सीहोर जिले से एजाज उर रहमान को कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।नव नियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे संगठन को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई हैं, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। इनकी नियुक्ति पर गणेश जाट, केलाराम जाट, कैलाश जाट, छोटू जाट, रऊफ लाला, साजिद अंसारी, समीम उद्दीन आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अष्टा कैलाश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, राजेन्द्र वर्मा, पवन राठौर, रूकमणी रोहिला, हरपाल ठाकुर, विवेक राठौर,राजाराम बड़े भाई, घनश्याम यादव, गुलाब बाई ठाकुर, महेश राजपूत, जगदीश चौहान, जाहिद खान गुड्डु, राजकुमार मालवीय, देवेन्द्र सिंह बारदी, घनश्याम जांगड़ा, मनोज पटेल, संतोष पटेल, धर्मेन्द्र सिंह मेमदाखेड़ी, तोसिफ उद्दीन आदि ने बधाई दी है।

## नि:शुल्क महिला स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

### कई महिलाओं ने लिया लाभ, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया स्वास्थ्य परामर्श



**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के अंतर्गत अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में आयोजित निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया, जिसमें महिलाओं को स्त्री एवं प्रसूति रोगों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के लिए निःशुल्क जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विनी राठौर ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं उपचार संबंधी जानकारी दी।

शिविर के दौरान गर्भावस्था से जुड़ी जांच, सुरक्षित मातृत्व संबंधी परामर्श, सामान्य एवं ऑपरेशन द्वारा प्रसव, बांझपन की समस्या, सफेद पानी की शिकायत, अनियमित एवं अत्यधिक माहवारी, गर्भाशय एवं अंडाशय में गांठ जैसी समस्याओं को लेकर महिलाओं को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में पहुंची महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया। शिविर के माध्यम से अनेक महिलाओं को समय रहते उचित चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

अटल अस्पताल प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई है, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### भारती विद्या मंदिर हा.से स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## पुलिस का सेफ क्लिक अभियान: स्कूल के 150 छात्रों को साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेफ क्लिक साइबर सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को भारती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, भैरूंदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए उनसे बचाव के तरीके बताए गए।

कार्यक्रम में एसडीओपी रोशन कुमार जैन और उप निरीक्षक कौशलेंद्र बघेल ने छात्रों को साइबर क्राइम क्या है, यह कैसे होता है और इससे बचने के लिए किन सावधानियों की जरूरत है, इस बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन गेमिंग के जरिए ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फिशिंग, यूपीआई धोखाधड़ी, लॉटरी स्कैम और साइबर ब्लैकमेलिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। छात्रों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा न करें और मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध लिंक या एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें। सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा के लिए टू-स्टेप वेरिफिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही ओटीपी और पिन किसी के साथ साझा नहीं करने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े पंपलेट भी वितरित किए गए।

अंत में छात्रों से अपील की गई कि वे अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण और करीब 150 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आईईएस पब्लिक स्कूल ने बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह किया आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल ने कक्षा 10 वी एवं 12 वी के छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए एक भव्य पुरस्कार समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आईईएस के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया, और उन्हें नकद पुरस्कार, छात्रवृत्तियाँ और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया जिसका आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल के सभागार में किया गया। समारोह का शुभारंभ चांसलर इंजीनियर बीएस यादव, आईईएस यूनिवर्सिटी ने सोशल और इमोशनल कोशेंट के महत्व पर ज़ोर देते हुए सभी को प्रेरित किया और बताया कि सच्ची खुशी सफलता से कहीं बढ़कर होती है। उन्होंने आईईएस के छात्रों को सम्मानित किया, उनके गर्वित माता-पिता और समर्पित शिक्षकों को बधाई दी।

भोपाल में दूसरे स्थान पर रहने वाली महक कौशल को 11,000 का इनाम मिला। वहीं सेक्शन टॉपर्स को 1100, परफेक्ट स्कोरर्स (100/100) को 2,000 और 85' से ज़्यादा अंक पाने वालों को स्पेशल स्कॉलर ट्रॉफी दी गईं। यह कार्यक्रम भावनाओं, आभार और सफल छात्रों द्वारा साझा की गई प्रेरणादायक कहानियों से भरा हुआ था। अंत में आईईएस पब्लिक स्कूल की ग्रुप डाइरेक्टर प्रोफ मनीषा क्वाथेकर ने सभी आतिथिओ एवं छात्रो के पालको का आभार व्यक्त किया जिन्होंने गर्व के साथ अपने बच्चों को सम्मान प्राप्त करते देखा। उन्होंने छात्रो की सफलता में माता-पिता और शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

## 200 से अधिक बालिकाओं का भविष्य अधर में...

# अतिरिक्त कक्ष का काम एक साल बाद भी अधूरा, बैठने व्यवस्था नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य इंदर चौराहा पर स्थित होल्कर स्टेट के समय का चद्दर-नुमा भवन, जिसमें शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय संचालित होता था, पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुका था। भवन की स्थिति देखकर ऐसा लगता था कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में एक वर्ष पूर्व 14 लाख रुपए की राशि से भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण पूरा नहीं हो सका'। आधे-अधूरे इंतजामों के बीच ही स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। अब 200 से अधिक बालिकाओं को पढ़ाई में परेशानी झेलनी पड़ेगी।

### विधायक की पहल भी बेअसर

विधायक हजारीलाल दांगी की पहल पर शिक्षा विभाग ने पुराने जीर्ण-शीर्ण भवन को डिस्मेंटल करवाकर दो नए कक्ष बनाने का निर्णय लिया था। इसकी निर्माण एजेंसी नगर परिषद है। साल भर पहले टेंडर प्रक्रिया के बाद काम शुरू तो हुआ, लेकिन चींटी की चाल से चल रहा काम अब तक अधूरा पड़ा है।

### भुगतान न होने से रुका काम

बताया जा रहा है कि ठेकेदार को समय पर भुगतान न मिलने के कारण निर्माण कार्य बाधित हो गया। नतीजतन, कक्ष तो आधे बने हैं, लेकिन छत, फर्श और दरवाजे-खिड़कियां लगना बाकी हैं। बरसात के मौसम में बालिकाओं को खुले में या पुराने जर्जर कमरों में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। होल्कर रियासत के दौरान बना 100 साल से अधिक पुराना जीर्ण-शीर्ण भवन डेढ़ साल पहले तोड़ दिया गया था। विधायक हजारीलाल दांगी ने राशि भी उपलब्ध कराई, लेकिन निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी रही। पिछले शैक्षणिक सत्र में भी बच्चों को कमरों की कमी से जूझना पड़ा था, और इस बार भी स्थिति वही है।

### परिसर में बिखरा मलबा पनप रहे मच्छर

स्कूल परिसर में निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है। बारिश का पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बीमारियों की संभावना बढ़ गई है। छात्राओं के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर सवाल'

शहर के मध्य स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की 200 से अधिक छात्राएं तीन छोटे कमरों में ठूंस-ठूंस कर पढ़ने को मजबूर हैं। शिक्षाविदों का कहना है, "जब सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान चला रही है, वहीं स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण बेटियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।" अभिभावकों ने मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द कक्ष पूर्ण किए जाएं, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और समुचित वातावरण में शिक्षा मिल सके।

### केवल 4 कमरे ही उपलब्ध...

स्कूल में नर्सरी से 8वीं तक 200 छात्राएं हैं। कम से कम 10 कमरों की जरूरत है, लेकिन अभी केवल 4 कमरे ही उपलब्ध हैं। अतिरिक्त कक्ष न बनने से पढ़ाई में भारी परेशानी हो रही है। नगर परिषद ने जल्द निर्माण का आश्वासन दिया था, पर काम पूरा नहीं हुआ।

- योगेश कुमार गुप्ता
प्रधानाध्यापक मावि जीरापुर।

स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का कार्य नगर परिषद कर रही है। विभाग की ओर से पत्र लिखकर जल्द काम पूरा कराने का अनुरोध किया जाएगा।

- गजेंद्र शर्मा
बीआरसी जीरापुर

# अधिकारियों ने किया सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विभाग समन्वयक वरुण आचार्य एवं जिला समन्वयक प्रवीणसिंह पंवार का सारंगपुर विकासखंड में संगठनात्मक प्रवास संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित सामाजिक, पर्यावरणीय एवं जनहितकारी कार्यों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर संबंधित समितियों के प्रयासों की सराहना की। प्रवास के दौरान अधिकारियों ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिलोदा पाल द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया।

समिति अध्यक्ष मनोज पाल ने उन्हें पूर्व सचिव स्वर्गीय देवकरण पाल एवं सरपंच दिनेश पाल के नेतृत्व में मुक्तिधाम और स्थानीय मंदिर परिसर में किए गए सुंदरीकरण एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि एक अच्छे जनप्रतिनिधि की पहचान उसके विकास कार्यों और समाज के प्रति समर्पण से होती है। जन अभियान परिषद और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से दोनों स्थल आकर्षक एवं प्रेरणादायक बने हैं। इसके बाद अधिकारियों ने नवांकुर संस्था 'वीर शिवाजी सेवा समिति' एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढाकनी द्वारा विकसित शिवाजी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में किए गए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यों की सराहना की। समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से लगातार पार्क में सेवा कार्य किए जा रहे हैं। यहां केवल पौधारोपण ही नहीं किया जाता, बल्कि पौधों के वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण और देखभाल भी सुनिश्चित की जाती है। अधिकारियों ने समितियों के सदस्यों के प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

# भगवान महेश नवमी का उत्सव श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान महेश की कृपा एवं आशीर्वाद से समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देव कुआं स्थित चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर में समाजजनों द्वारा सामूहिक अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्याम बियाणी ने कहा कि महेश नवमी केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, संस्कारों, परंपराओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों को स्मरण करने का अवसर भी है। वहीं महिला मंडल अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी ने कहा कि यह पर्व समाज को सकारात्मक, रचनात्मक एवं विकासोन्मुख कार्यों के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में तकनीक और डिजिटल परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं को संजोते हुए नई सोच, नवाचार और आधुनिक दृष्टिकोण को अपनाना होगा। व्यापार, शिक्षा, सामाजिक सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाकर समाज के विकास में योगदान देना समय की आवश्यकता है।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन नारायणदास सादानी, , ओमप्रकाश राठी, प्रदीप सादानी, राधेश्याम माहेश्वरी, बाबूलाल छापरवाल, अशोक राठी, हरीश राठी, राजेंद्र माहेश्वरी, सूर्यप्रकाश सोडानी, प्रमोद सादानी, मनीष छापरवाल, राकेश गगरानी, अनिल माहेश्वरी, पीयूष राठी, मोहित राठी एवं राम राठी सहित समाजजन उपस्थित रहे।

### व्यवहार न्यायालय आरोन में योगाभ्यास

**आरोन।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र व जिला सचिव वंदना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्थानीय न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष बी.एस. सोलंकी की अध्यक्षता में सुबह 7 बजे से योग सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भरत परमार, अभिभाषक संघ अध्यक्ष लालता प्रसाद तिवारी, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी, पैरालीगल वॉलेंटियर विकास शर्मा और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षक माखन प्रजापति ने सभी को योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम और मुद्राओं का अभ्यास कराया। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बी.एस. सोलंकी ने सभी से प्रतिदिन योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने अपील की।

# अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे सैनिक रूपेश यादव का ढोल नगाड़े के साथ गृह गांव में किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय सेना में 'अग्निवीर' की कठिन ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक पूरा कर प्रथम बार अपने गृह गांव आगमन पर ग्रामवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत कर जुलूस निकाला। यह मामला ब्यावरा विधानसभा के ग्राम निवानिया का है, जहा एक गरीब परिवार के किसान का बेटा रूपेश यादव पिता धीरपसिंह यादव का चयन 6 माह देश की सेवा करने के लिए अग्निवीर में हुआ। जब वह 6 माह की भारतीय सेना में ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटकर आने पर गांव वालों ने उसके आगमण की बुधवार को तैयारियां पूरी कर उसका आतिशबाजी, ढोल नगाड़े के साथ पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रूपेश ने सबसे पहले हनुमानजी महाराज के मंदिर पर आकर प्रसाद चढ़ाकर प्रणाम किया। जहा पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने रूपेष का पुष्पमालाओं से स्वागत कर बधाई दी। उपस्थित समाजसेवियों और समाजबंधूओं ने उनके उज्ज्वल व सुरक्षित





सैन्य भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### सैनिक राजू सौंधिया खेजड़ा और विनोद लववंशी भंवास का भी किया स्वागत

लखनवास क्षेत्र से भारतीय सेना में 'अग्निवीर' की ट्रेनिंग पूरा कर प्रथम बार अपने गृह आगमण पर राजू सौंधिया गांव खेजड़ा और विनोद लववंशी भंवास का भव्य स्वागत किया गया। "वतन की मोहब्बत में खुद को तपाए बैठे हैं, मरेंगे वतन के लिए, शर्त मौत से लगाए बैठे हैं।" इन देशभक्ति पंक्तियों के साथ देश सेवा के पावन मार्ग पर कदम बढ़ाने वाले वीर जवानों का आसपास के क्षेत्र एवं लखनवास नगर के गणमान्य समाजसेवी बंधुओं द्वारा पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और भारत माता के जयकारों के साथ अभिनंदन किया गया।

# प्रस्फुटन समितियों की बैठक सम्पन्न जल संरक्षण और स्वच्छता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति द्वारा ग्राम कडैया के महुआ खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन ने की।



बैठक में परिषद की योजनाओं की जानकारी देते हुए मंजूषा सोलोमन ने कहा कि परिषद का उद्देश्य स्वै'छिक संगठनों के माध्यम से समाज के विकास में सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान, सामूहिक श्रमदान, सामाजिक समरसता और आदर्श ग्राम बेसलाइन सर्वे को लेकर प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति के सचिव सुरेश केवट ने सभी समितियों को निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा, दीपक श्रीवास्तव, चैन सिंह धाकड़ और देवेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अंत में जल बचाने व स्वच्छता की शपथ ली।


# भदौड़ी स्कूल निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

स्कूल चले अभियान अंतर्गत सीएमओ तेज सिंह यादव द्वारा माध्यमिक विद्यालय भदौड़ी का निरीक्षण किया। स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर खुद के अनुभव एवं छात्र-छात्रों के अनुभव साझा किए।छात्र-छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु बिस्किट, चॉकलेट एवं पेन वितरित किए गए। इस मौके पर प्रधान अध्यापक जगदीश प्रसाद गौड़, नगर पालिका उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, अनिल वर्मा एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# 150 से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस, 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती ने मुख्य मार्ग और सार्वजनिक नालियों पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे 150 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि बस स्टैंड, मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर दुकानदारों ने सड़क और नालियों पर सामान रखकर यातायात बाधित कर रखा है। इससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा है। नगर परिषद द्वारा पिछले एक सप्ताह से मुनादी के जरिए अतिक्रमण हटाने की अपील की जा रही थी। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटने पर म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की गई है।

### बलपूर्वक हटाएंगे

नोटिस मिलने के 24 घंटे के अंदर व्यवसायिक सामग्री निर्धारित सीमा में नहीं रखने पर नगर परिषद बलपूर्वक अतिक्रमण हटाएगी। इस दौरान हुए नुकसान और हटाने का खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा।

### अब नजरें कार्रवाई पर

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या नगर परिषद किसी के दबाव में आकर अतिक्रमण हटाने का काम रोक देगी, या फिर नोटिस के मुताबिक सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अब सबकी नजरें 24 घंटे बाद होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। नोटिस की प्रतिलिपि विधायक, एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को भी भेजी गई है।

## मान्यता 8वीं क्लास तक और संचालित हो रहीं 12वीं तक की कक्षाएं!

# शिक्षा विभाग को ठेंगा दिखा रहे प्राइवेट स्कूल संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/लखनवास

शिक्षा के मंदिर में बच्चों का भविष्य सुरक्षित और सुनहरे सपनों की नींव रखने के लिए होता है, लेकिन लखनवास के कुछ निजी विद्यालय इन सपनों की जगह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में जुटे हैं। क्षेत्र के कई स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें शिक्षा विभाग से केवल कक्षा 8वीं तक संचालन की मान्यता मिली है, लेकिन वे बिना किसी डर के 12वीं तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े करता है।

### नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

सूचना के अनुसार, लखनवास में संचालित ऐसे कई निजी संस्थान हैं, जिनके पास प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 8) तक का ही सरकारी लाइसेंस है। इन स्कूलों के संचालकों ने व्यावसायिक लाभ के लिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं (9वीं से 12वीं) के छात्रों को भी प्रवेश दे रखा है। बिना मान्यता के इन कक्षाओं का संचालन न केवल अवैध है, बल्कि यह कानूनी रूप से भी पूरी तरह गलत है।

### छात्रों के भविष्य पर मंडराता खतरा

सबसे चिंताजनक पहलू उन विद्यार्थियों का भविष्य है, जो इन अवैध कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। चूंकि इन स्कूलों के पास 10वीं या 12वीं की परीक्षा के लिए बोर्ड से संबद्धता नहीं है। ऐसे में विभाग की खामोशी पर सवाल उठ रहे है। इस अवैध संचालन का सबसे हैरान करने वाला पहलू शिक्षा विभाग की चुप्पी है। ग्रामीणों का



आरोप है कि ये स्कूल पिछले कई वर्षों से बिना किसी डर के संचालित हो रहे हैं। क्या शिक्षा विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ हैं या इस गोरखधंधे के पीछे किसी सांठगांठ की बू आ रही है? नियमों के अनुसार, ऐसे स्कूलों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसमें विद्यालय की मान्यता रद्द करने से लेकर भारी जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद, लखनवास में कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही देखने को मिलती है।

### क्या कहते हैं नियम?

शिक्षा का अधिकार अधिनियम और राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी शैक्षणिक संस्थान बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के उच्च कक्षाओं का संचालन नहीं कर सकता। बिना मान्यता के कक्षाएं चलाना 'शिक्षा माफिया' की श्रेणी में आता है, जो मासूम बच्चों के करियर के साथ सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं। लखनवास के अभिभावक अब प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि ऐसे स्कूलों की तत्काल जांच हो और दोषी संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। अभिभावकों का कहना है कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा अंततः बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग कब जागता है।

## हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी

# मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोप बेबुनियादः मंत्री राव उदयप्रताप

**नरसिंहगढ़।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री से जुड़े आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इन्हें तथ्यहीन और बेबुनियाद बताया है। नरसिंहगढ़ में एक निजी स्कूल के अतिरिक्त भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले ढाई वर्षों में हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिख रही है। सरकार की उपलब्धियों से विपक्ष पूरी तरह हताश है, इसलिए वह जनता का ध्यान भटकाने के लिए निराधार और तथ्यहीन आरोप लगा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, अधोसंरचना, कृषि, स्वास्थ्य और जनकल्याण सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। विकास कार्यों के कारण जनता का विश्वास सरकार के प्रति लगातार बढ़ा है, जिसे विपक्ष स्वीकार नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा जनता तथ्यों को अच्छी तरह समझती है और इस तरह के आरोपों से कोई भ्रमित होने वाला नहीं है। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बावड़ी उत्सव के तहत दीपोत्सव व पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न

**देवास।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम में स्थित शैलेश दुबे के खेत की बावड़ी पर बावड़ी उत्सव, दीपोत्सव एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा शर्मा ने की। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से नीरज द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों एवं महिलाओं को जल संरक्षण, बावडिय़ों के महत्व तथा पर्यावरण संवर्धन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान बावड़ी पर दीप प्रज्ज्वलित कर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा पौधरोपण भी किया गया।

### सवारी विवादः बस कंडक्टर को पीटा

**देवास।** बसों में सवारी बैठाने को लेकर चल रहे विवाद ने अब मारपीट का रूप ले लिया है। भोपाल से इंदौर जा रही एक यात्री बस के कंडक्टर के साथ बीच सडक़ पर कथित तौर पर मारपीट की गई और 22 हजार रुपए छीन लिए गए। इस घटना के बाद पीड़ित कंडक्टर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित कंडक्टर नीरज कुशवाहा ने बताया कि यह घटना देवास बस स्टैंड से निकलने के बाद उज्जैन तिराहा से कुछ दूरी पर हुई। बस देवास क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी स्कूटर बस के आगे लगाकर रोक लिया।

नगर परिषद में पौधरोपण और जनजागरूकता अभियान चलाकर किया जागरुक

# दिलाया संकल्पः आओ सब मिलकर स्वच्छ हरित और समृद्ध कोठरी का निर्माण करें



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता के प्रति जागरुक किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

विशेष पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जनजागरूकता एवं स्वच्छता संवर्धन अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान और अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत गुरूवार को नगर परिषद कोठरी में विशेष पौधारोपण एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान में माननीय अध्यक्ष राधेश्याम दलपति, मुख्य नगर परिषद अधिकारी राहुल शर्मा, इंजीनियर निखिल कचनारिया, पार्षद विजय सिंह, पार्षद मदन लाल वर्मा, पार्षद दिनेश चौधरी, पार्षद धरम सिंह सहित अन्य पार्षदगण व समस्त नगर परिषद टीम उपस्थिति रही। इस अवसर पर भोपाल से आई विशेष टीम की सदस्य श्यामा तिवारी, जितेंद्र झा, यशवंत और सत्यजीत द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और अमृत हरित महाअभियान के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। टीम द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण, जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता अपनाने प्रेरित करते हुए इन अभियानों की आवश्यकता और महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोठरी में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर स्वच्छता, हरित पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं हरित कोठरी के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया।

# वन अमले ने वन भूमि पर से अतिक्रमण हटवाया

15 एकड़ वन भूमि मुक्त करवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

डीएफओ अर्चना पटेल एसडीओ राजेश शर्मा के निर्देश पर रेंजर नवनीत झा के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम द्वारा वन माफियाओं व अतिक्रमण कार्यों पर लगातार करवाई जा रही है।

रामपुरा बीट पर कक्ष क्रमांक 156 व 159 पर अवैध अतिक्रमण कार्यों से लगभग 15 एकड़ वन भूमि मुक्त करवाई। वहीं पिछले दिनों सिद्धिगंज सर्कील में भी धर्मपुरी बीट व नरपा खेडी बीट पर बरसों से जमे अतिक्रमणकारियों से जमीन मुक्त कराई गई। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### चलाया जा रहा अभियान

आष्टा वन विभाग की टीम ने बीट रामपुरा में 15 एकड़ से अधिक वन भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया। बारिश में अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे। विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर जेसीबी की मदद से परकॉलेशन पिट्स और सीपीटी खुदवाकर जमीन को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित कर लिया है।

### अब तक 70 एकड़ से ज्यादा जमीन मुक्त

अधिकारियों ने बताया कि विभाग अब तक कुल 70 एकड़ से अधिक वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा चुका है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नए अतिक्रमण को रोकने के लिए मैदानी अमला लगातार गश्त कर रहा है और सतर्कता बरत रहा है। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान, रामपुरा बीट गार्ड दीपेश राठौर, सिंगार चोरी बीट गार्ड बहादुर सिंह ठाकुर का योगदान रहा।

# मास्टर ऑफ ताओ कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन, खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शहर के इंदौर नाके के समीपस्थ बजरंग कालोनी स्थित मास्टर आफ ताओ कराते एसोसिएशन के तत्वाधान में नेपाल में भारत का परचम लहराने के लिए तीन दर्जन से अधिक कराते खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 38 कराटे खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया। इसके अलावा अकादमी में कलर बेल्ट शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के द्वारा साल भर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। शहर में कराते खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनकी खेल प्रतिभा के साथ-साथ आत्मरक्षा की क्षमता भी विकसित हो रही है। प्रशिक्षण शिविर में बालक-बालिकाएं एवं युवा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कराटे की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कर रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कार्यशाला में पहुंचकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को स्वागत किया। कार्यक्रम में मास्टर ऑफ ताओ एसोसिसन ऑफ मार्शल आर्ट के संस्थापक एवं ग्रैंडमास्टर लखन ठाकुर एवं संस्था की सचिव विमल ठाकुर ने खिलाड़ियों का स्वागत-सम्मान किया। प्रतियोगिता में शिवन्या सिंह, नाजिया शाह, झिलमिल लोधी, सुहानी सिसोदिया और रियांश चड्ढा ने गोल्ड हासिल किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि 17वीं इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप 2026 नेपाल मे विजेता खिलाड़ियों त्र्यंबक ठाकुर सिल्वर, विनायक वर्मा सिल्वर, शिवन्या सिंह गोल्ड, सुहानी सिसोदिया गोल्ड, पायल बागवान सिल्वर, उज्जवल सोनी सिल्वर, कीर्ति वर्मा ब्राउन, प्रिंसी परमार सिल्वर, रूप सिंह रायगोलिया ब्राउन उज़ैर खान सिल्वर, प्रिंस भारती ब्राउन, आयुषी वर्मा सिल्वर, शौर्य मालवीय ब्राउन, नाजिया शाह गोल्ड, आरुषि सूर्यवंशी सिल्वर, साक्षी चौहान सिल्वर मेडल हर्षिता मालवीय ब्राउन मेडल राखी परमार ब्राउन मेडल भावेश परमार ब्राउन, देवेंद्र राठौर गोल्ड, वेदांत मारण ब्राउन मेडल हेमंत परमार सिल्वर मेडल अनाया कुक्लोद ब्राउन मेडल दीपिका लोधी सिल्वर, झिलमिल लोधी गोल्ड मेडल खुशी मथारिया सिल्वर, आरोही पाराशर सिल्वर, रियांश चड्ढा गोल्ड, अयूब खान सिल्वर, साधना परमार ब्राउन, जीशान खान ब्राउन, मृदुल कावड़े और वैभव वर्मा ब्राउन पदक हासिल किया।

# अवैध अतिक्रमण हटाने एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर उस पर अतिक्रमण कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। जिसे हटाने कई बार लोगों ने अधिकारियों से शिकायते भी की, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। जिसके बाद अब एसडीएम को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने को लेकर गुहार लगाई है।



सेकड़ाखेडी स्थित भारती नगर के रहवासी हरिप्रसाद भारती आ. नन्दराम भारती ने बताया कि पड़ोस में मदन लाल अहिरवार रहते हैं, जिनके द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर टीनशेड दुकान का निर्माण कर लिया गया है। उस दुकान को किराये पर दिया गया है। दुकानदार द्वारा सामने की सरकारी भूमि पर अपने पत्थर और टाईल्स जमा कर आमजन का रास्ता रोक दिया है। इसी स्थान पर दुकानदार द्वारा पत्थर काटने की मशीन भी स्थापित की गई है, जिसके कारण शोर शराबा तो होता ही है, साथ ही वायू प्रदुषण भी हो रहा है। जिससे आने वाले समय में स्थानीय नागरिकों को सांस सम्बंधी रोग होने की सम्भावना है। जानकारी यह भी मिली है कि उक्त पत्थर काटने की मशीन की विधि अनुसार अनुमति भी नही ली गई है।

प्रार्थी को अपने घर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी के समाधान के लिये 112 को फोन कर बुलाया गया, लेकिन उनके द्वारा भी कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। हरिप्रसाद भारती ने उक्त अतिक्रमण को हटाकर शासकीय भूमि मुक्त करवाने की मांग की है।

# 16 जुलाई को निकालेंगे भव्य रथ यात्रा, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई गुरुवार को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण कर रहे है। अब तक 100 से अधिक क्षेत्रों में परमार समाज के पदाधिकारियों ने चल समारोह अध्यक्ष भवंर लाल परमार (कुलांस कलां) के साथ कंधे से कंधा मिलकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आगामी दिनों में होने वाली पुरी की तर्ज पर रथ यात्रा से पूर्व मंदिर में 14-15 जुलाई को विशेष अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह जी एवं चंदर सिंह मंडलोई आदि सहित युवा और बुजुर्गों का आशीर्वाद मिल रहा है। समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल और पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहेगा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष चल समारोह अध्यक्ष भवंर लाल परमार का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल, कमल पटेल, मुकेश परमार, विष्णु परमार, शिव परमार, भगीरथ परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रमप रमार ग्राम तकीपुर में भगवान जगदीश की रथ यात्रा का निमंत्रण दिया।

# 3 करोड़ 79 लाख के सिवन पिचिंग कार्य में ठेकेदार द्वारा मचाए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई होः राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर सांसद, विधायक और नपाध्यक्ष ख़ुद सिवन नदी में उतरकर देखे किस तरह जनता के पैसे की बन्दर बाट हो रही है और आगे रहकर ठेकेदार और नपा के अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही कराए। सीहोर। 3.79 करोड़ रुपये के सीवन नदी पिचिंग कार्य स्थल पर पहुंचकर जब देखा गया कि जो पिचिंग कार्य किया गया है, वह मात्र हाथ लगाने से ही बिखर रहा है। मौके पर मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, नगर अध्यक्ष घनश्याम यादव कार्यकर्ताओं के साथ सीवन नदी पहुंचे जहाँ पर देखा कि करोड़ों रुपये की लागत से सीवन नदी के कायाकल्प का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।



इस पर राजीव गुजराती ने कहा कि जहां मजबूत निर्माण होना चाहिए था, वहां पत्थर हाथ लगाने से ही उखड़ रहे हैं। नीचे मिट्टी और मुरुम, ऊपर सीमेंट की सिर्फ एक पतली परत—क्या यही है विकास का मॉडल? जनता के टैक्स के पैसों से हो रहे इस कार्य में यदि गुणवत्ता की जगह खानापूर्ति और भ्रष्टाचार हुआ है, तो यह सीधे-सीधे जनता की गाढ़ी कमाई और विश्वास के साथ खिलवाड़ है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि कलेक्टर, सांसद, विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं सीवन नदी में उतरकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करें और देखें कि जनता के 3.79 करोड़ रुपये के कार्य में किस प्रकार की गुणवत्ता अपनाई गई है। यदि कहीं भी भ्रष्टाचार या अनियमितता पाई जाती है, तो उसे जनता के सामने लाया जाए। साथ ही कांग्रेस पार्टी यह भी मांग करती है कि पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में भ्रष्टाचार और अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित ठेकेदार को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए, नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा जनता के पैसे की एक-एक पाई की वसूली सुनिश्चित की जाए। सीवन नदी का कायाकल्प चाहिए, भ्रष्टाचार का नहीं। जनता जवाब भी मांग रही है और कार्रवाई भी।

नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने कहा कि रिटर्निंग वाल निर्माण के नाम पर केवल लीपा पौती की जा रही है, हाल ही में सीवन नदी का गहरीकरण कार्य हुआ था वह पूरा का पूरा मालवा साइड में डला हुआ है, उसी मलवे को उठाकर बाउंड्री बनाई जा रही है, जिसको मामूली सिमेंट, चुरी व पत्थर से ढक दिया गया है, उक्त मामले की त्वरित निष्पक्ष जाच हो। इस अवसर पर घनश्याम यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, के.के.रिछारिया, विनीत गोयल, तनिष्क त्यागी, शुभम त्यागी, जितेन्द्र परमार, अरबाज खान आदि मौजूद रहे।

मुनि साध्य सागर महाराज के सानिध्य मे हुए धार्मिक अनुष्ठान

# सारे दुख एक तरफ कर देती प्रभु की भक्तिः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिगम्बर जैन संत मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ससंघ संत भवन मे विराजमान है। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे प्रातः तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान मुनि श्री के सानिध्य मे श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया तत्पश्चात धर्म सभा मे मुनि श्री साध्य सागर महाराज ने श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान बताया की कैसा भी संकट आए सारे दुख एक तरफ कर देती है। प्रभु की भक्ति , भक्ति मे बहुत शक्ति होती है भक्ति अंदर से हो तो शक्ति मिलती है सबसे बड़ा धर्म है। भक्ति ही शक्ति है एक गहरा विचार है जो बताता है कि ईश्वर, सत्य या किसी उच्च उद्देश्य के प्रति सच्चा समर्पण ही मनुष्य की सबसे बड़ी आंतरिक ऊर्जा है। यह विश्वास व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, मानसिक शांति और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने का असीम साहस देता है । प्रभु की भक्ति और शक्ति का गहरा संबंध मुनि श्री साध्य सागर जी ने भक्ति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कंहा की मानसिक शांति और संयमः सच्चे मन से की गई भक्ति जीवन में सकारात्मकता लाती है। सांसारिक समस्याओं के सामने आने पर विचलित होने के बजाय, व्यक्ति धैर्य और सहनशीलता के साथ उनका सामना कर पाता है।आंतरिक ऊर्जा का स्रोतः समर्पण का भाव मनुष्य के अहंकार को नष्ट करता है, जिससे उसका ध्यान केंद्रित होता है और उसे अद्भुत आत्म-बल की प्राप्ति होती है। कर्म का विस्तार जब भक्ति जीवन में उतरती है, तो सामान्य कर्म भी सेवा और धर्म के मार्ग पर अग्रसर हो जाते है। दोपहर मे मुनि श्री के सानिध्य मे स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा मे श्रध्दालुओ ने ज्ञानार्जन कर धर्म लाभ अर्जित किया। संध्या को सामूहिक जाप धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर गुरू भक्ति संगीतमय भजन कीर्तन कर श्रध्दालुओ ने भगवान का स्मरण किया।

# जर्जर पुल बना हादसों का कारण, फिर हुई टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर-बैतूल हाईवे मार्ग पर ग्राम मोखाप्पिल्या स्थित काली सिंध नदी का पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है, लेकिन इसके सुधार की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पुल की खराब स्थिति के कारण यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। बताया जाता है कि अंग्रेजों के जमाने में बना यह पुल अब अपनी उम्र पूरी कर चुका है।



पुल की संकरी संरचना और जर्जर हालत के चलते यहां कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में गिर चुके हैं। क्षेत्रीय नागरिकों और मीडिया द्वारा कई बार प्रशासन को पुल की बदहाली से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक न तो पुल का जीर्णोद्धार किया गया और न ही किसी वैकल्पिक व्यवस्था पर ध्यान दिया गया।इसी क्रम में बुधवार दोपहर एक बार फिर पुल पर बड़ा हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार काली सिंध पुल पर एक ट्रक और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहन पुल पार कर रहे थे, लेकिन दूरी का सही आकलन नहीं कर पाने के कारण बीच पुल पर ही भिड़ंत हो गई। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया और वह वाहन में फंस गया।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

ग्राम सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।हादसे के बाद पुल पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे नदी के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।